भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-290
सोमवार, 24 जून, 2019/3 आषाढ़, 1941 (शक)

शिक्षित बेरोजगार युवा

**290.** श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः
श्रीमती गीताबेन वजे सिंहभाई राठवाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में पंजीकृत शिक्षित/अशिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों की राज्य-वार कुल संख्या विशेषकर महिलाओं की राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान नौकरी पाने वाले युवाओं की राज्य/वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या हाल के वर्षों में देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो वर्ष 2017-18 के दौरान रोजगार सृजन के लिए निर्धारित लक्ष्यों और हासिल किए गए लक्ष्यों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार चाहने वाले, जिसमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, अनुबंध-I में दिए गए हैं।

(ख से घ): नियोजनीयता में सुधार करने के साथ-साथ रोजगार का सृजन करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता रही है। सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं। इन योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से सृजित रोजगार के ब्यौरे अनुबंध- II, III, IV एवं V में दिए गए हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने हेतु नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) आरंभ की गई है। इस योजना के तहत, सरकार, सभी क्षेत्रों के समस्त पात्र नए कर्मचारियों हेतु ईपीएफ एवं ईपीएस के लिए 3 वर्षों हेतु नियोक्ता के संपूर्ण अंशदान (12% अथवा यथा-स्वीकार्य) का भुगतान कर रही है। 31.05.2019 तक, योजना ने 151579 प्रतिष्ठान तथा 1.21 करोड़ लाभार्थी शामिल कर लिए हैं।

सरकार ने स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की है। पीएमएमवाई के अंतर्गत लघु/सूक्ष्म व्यापरिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है। 31 मार्च, 2019 तक, योजना के तहत 18.26 करोड़ ऋण (संचयी आधार पर) संस्वीकृत किए गए हैं।

******

अनुबंध-I

लोक सभा के दिनांक 24.06.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 290 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर (31 मई, 2019 को) पंजीकृत सक्रिय रोजगार चाहने वालों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

(हजार में)

| क्र.सं. | राज्य का नाम | पुरूष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | **1.79** | **1.25** | **0.00** | **3.04** |
| 2. | आंध्र प्रदेश | **63.59** | **37.10** | **0.04** | **100.73** |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | **0.53** | **0.45** | **0.00** | **0.99** |
| 4. | असम | **10.34** | **3.37** | **0.01** | **13.71** |
| 5. | बिहार | **782.78** | **185.26** | **0.17** | **968.21** |
| 6. | चंडीगढ़ | **8.63** | **5.77** | **0.00** | **14.41** |
| 7. | छत्तीसगढ़ | **70.45** | **37.06** | **0.06** | **107.57** |
| 8. | दादर और नगर हवेली | **0.66** | **0.58** | **0.00** | **1.24** |
| 9. | दमन और दीव | **0.07** | **0.01** | **0.00** | **0.08** |
| 10. | गोवा | **30.00** | **19.03** | **0.00** | **49.04** |
| 11. | गुजरात | **75.13** | **21.15** | **0.04** | **96.32** |
| 12. | हरियाणा | **23.18** | **8.39** | **0.01** | **31.58** |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | **9.52** | **4.78** | **0.01** | **14.31** |
| 14. | जम्मू और कश्मीर | **21.88** | **6.26** | **0.01** | **28.15** |
| 15. | झारखंड | **18.91** | **5.02** | **0.01** | **23.94** |
| 16. | कर्नाटक | **52.68** | **21.33** | **0.02** | **74.03** |
| 17. | केरल | **33.78** | **19.69** | **0.02** | **53.49** |
| 18. | लक्षद्वीप | **1.06** | **1.28** | **0.00** | **2.35** |
| 19. | मध्य प्रदेश | **65.22** | **26.10** | **0.02** | **91.35** |
| 20. | महाराष्ट्र | **2,919.70** | **1,010.38** | **0.66** | **3,930.74** |
| 21. | मणिपुर | **2.81** | **1.26** | **0.00** | **4.07** |
| 22. | मेघालय | **0.58** | **0.17** | **0.00** | **0.75** |
| 23. | मिजोरम | **1.07** | **1.05** | **0.00** | **2.12** |
| 24. | नागालैंड | **0.19** | **0.07** | **0.00** | **0.26** |
| 25. | एन.सी.टी.दिल्ली | **33.75** | **10.99** | **0.01** | **44.75** |
| 26. | ओडिशा | **31.10** | **8.43** | **0.01** | **39.54** |
| 27. | पुडुचेरी | **37.08** | **39.09** | **0.00** | **76.17** |
| 28. | पंजाब | **43.51** | **24.21** | **0.02** | **67.74** |
| 29. | राजस्थान | **419.51** | **162.63** | **0.02** | **582.15** |
| 30. | सिक्किम | **0.47** | **0.45** | **0.00** | **0.92** |
| 31. | तमिलनाडु | **54.68** | **21.72** | **0.03** | **76.43** |
| 32. | तेलंगाना | **70.46** | **40.05** | **0.01** | **110.52** |
| 33. | त्रिपुरा | **87.21** | **58.91** | **0.03** | **146.15** |
| 34. | उत्तर प्रदेश | **246.79** | **82.17** | **0.13** | **329.09** |
| 35. | उत्तराखंड | **20.74** | **4.73** | **0.01** | **25.48** |
| 36. | पश्चिम बंगाल | **1,248.39** | **932.08** | **0.87** | **2,181.34** |
| 37. | राज्य विनिर्दिष्ट नहीं | **452.74** | **296.79** | **0.51** | **750.04** |
| | अखिल भारत* | **6,940.99** | **3,099.07** | **2.72** | **10,042.78** |

स्रोत: राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल

नोट: * हो सकता है कि पूर्णांकण के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।

**अनुबंध -II**

लोक सभा के दिनांक 24.06.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 290 के भाग (ख से घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत राज्य-वार सृजित रोजगार

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | अनुमानित सृजित रोजगार (व्यक्तियों की संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19 (31.12.2018 को)** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | **1398** | **1744** | **1104** |
| 2 | आंध्र प्रदेश | **14148** | **12216** | **9728** |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | **1984** | **1672** | **1504** |
| 4 | असम | **31498** | **18256** | **16752** |
| 5 | बिहार | **25872** | **18456** | **11688** |
| 6 | चंडीगढ़ | **376** | **360** | **0136** |
| 7 | छत्तीसगढ़ | **12856** | **11704** | **12896** |
| 8 | दिल्ली | **952** | **920** | **424** |
| 9 | गोवा | **660** | **400** | **304** |
| 10 | गुजरात* | **11629** | **15008** | **15720** |
| 11 | हरियाणा | **11016** | **13744** | **9232** |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | **6916** | **7088** | **6296** |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | **11691** | **30024** | **31160** |
| 14 | झारखंड | **10400** | **8888** | **5032** |
| 15 | कर्नाटक | **30286** | **16920** | **16624** |
| 16 | केरल | **13068** | **10776** | **10624** |
| 17 | लक्षद्वीप | **0** | **0** | **0** |
| 18 | मध्य प्रदेश | **15520** | **14432** | **9040** |
| 19 | महाराष्ट्र** | **17799** | **26632** | **24496** |
| 20 | मणिपुर | **8419** | **4800** | **4864** |
| 21 | मेघालय | **2632** | **600** | **1496** |
| 22 | मिजोरम | **3400** | **1992** | **3600** |
| 23 | नागालैंड | **7783** | **7440** | **3432** |
| 24 | ओडिशा | **20392** | **19192** | **12976** |
| 25 | पुडुचेरी | **699** | **352** | **384** |
| 26 | पंजाब | **9858** | **12160** | **7936** |
| 27 | राजस्थान | **13408** | **12614** | **10296** |
| 28 | सिक्किम | **201** | **296** | **232** |
| 29 | तमिलनाडु | **25764** | **32760** | **23408** |
| 30 | तेलंगाना | **6445** | **9520** | **8376** |
| 31 | त्रिपुरा | **17961** | **8928** | **3120** |
| 32 | उत्तर प्रदेश | **36315** | **43456** | **27600** |
| 33 | उत्तराखंड | **9890** | **12904** | **10144** |
| 34 | पश्चिम बंगाल | **26604** | **10928** | **11352** |
| | योग | **407840** | **387182** | **311976** |

स्रोत: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

* दमन और दीव सहित ** दादर और नगर हवेली सहित

अनुबंध -III

लोक सभा के दिनांक 24.06.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 290 के भाग (ख से घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत राज्य-वार सृजित मानव-दिवस

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | सृजित मानव-दिवस (करोड़ में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 (30/01/2019 को) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 20.60 | 21.20 | 20.23 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.85 | 0.43 | 0.42 |
| 3 | असम | 4.66 | 4.82 | 3.28 |
| 4 | बिहार | 8.58 | 8.18 | 9.57 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 8.86 | 11.99 | 10.33 |
| 6 | गोवा | 0.013 | 0.010 | 0.001 |
| 7 | गुजरात | 2.71 | 3.53 | 3.25 |
| 8 | हरियाणा | 0.85 | 0.90 | 0.59 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2.37 | 2.20 | 2.35 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 3.16 | 3.78 | 2.49 |
| 11 | झारखंड | 7.07 | 5.93 | 4.20 |
| 12 | कर्नाटक | 9.14 | 8.58 | 8.02 |
| 13 | केरल | 6.85 | 6.20 | 7.09 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 11.30 | 16.23 | 16.60 |
| 15 | महाराष्ट्र | 7.09 | 8.25 | 6.41 |
| 16 | मणिपुर | 1.19 | 0.61 | 0.51 |
| 17 | मेघालय | 2.83 | 2.92 | 2.27 |
| 18 | मिजोरम | 1.68 | 1.44 | 1.35 |
| 19 | नागालैंड | 2.91 | 2.37 | 0.79 |
| 20 | ओडिशा | 7.74 | 9.22 | 6.79 |
| 21 | पंजाब | 1.58 | 2.23 | 1.53 |
| 22 | राजस्थान | 25.96 | 23.98 | 19.16 |
| 23 | सिक्किम | 0.46 | 0.35 | 0.26 |
| 24 | तमिलनाडु | 39.99 | 23.89 | 18.89 |
| 25 | तेलंगाना | 10.82 | 11.47 | 10.71 |
| 26 | त्रिपुरा | 4.61 | 1.76 | 2.09 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 15.75 | 18.17 | 17.48 |
| 28 | उत्तराखंड | 2.37 | 2.23 | 1.69 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 23.56 | 31.26 | 31.00 |
| 30 | अण्डमान और निकोबार | 0.04 | 0.02 | 0.13 |
| 31 | दादर और नगर हवेली | एनआर | एनआर | एनआर |
| 32 | दमन और दीव | एनआर | एनआर | एनआर |
| 33 | लक्षद्वीप | 0.00001 | 0.00059 | 0.0008 |
| 34 | पुडुचेरी | 0.05 | 0.07 | 0.06 |
| | योग | 235.64 | 234.22 | 209.54 |

स्रोतः ग्रामीण विकास मंत्रालय

अनुबंध -IV

लोक सभा के दिनांक 24.06.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 290 के भाग (ख से घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार में नियोजित अभ्यर्थियों की कुल संख्या के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | नियोजित अभ्यर्थियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 (10.01.2019 को) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 18966 | 10954 | 21620 |
| 2 | असम | 1479 | 3464 | 5257 |
| 3 | बिहार | 4216 | 4859 | 5019 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 1987 | 539 | 2193 |
| 5 | गुजरात | 2075 | 160 | 928 |
| 6 | हरियाणा | 586 | 5832 | 4065 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 245 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 6453 | 1424 | 152 |
| 9 | झारखंड | 2355 | 2375 | 1767 |
| 10 | कर्नाटक | 4432 | 4752 | 4148 |
| 11 | केरल | 5598 | 4175 | 7534 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 3546 | 1823 | 1650 |
| 13 | महाराष्ट्र | 3694 | 7390 | 2404 |
| 14 | मेघालय | 0 | 0 | 202 |
| 15 | ओडिशा | 45726 | 14035 | 23672 |
| 16 | पंजाब | 0 | 563 | 1372 |
| 17 | राजस्थान | 3397 | 693 | 2782 |
| 18 | सिक्किम | 70 | 0 | |
| 19 | तमिलनाडु | 30780 | 765 | 121 |
| 20 | तेलंगाना | 9150 | 9048 | 13123 |
| 21 | त्रिपुरा | 342 | 526 | 1320 |
| 22 | उत्तर प्रदेश | 2052 | 892 | 2973 |
| 23 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 157 |
| 24 | पश्चिम बंगाल | 979 | 1518 | 2362 |
| 25 | योग | 147883 | 75787 | 105066 |

स्रोत: ग्रामीण विकास मंत्रालय

अनुबंध-V

लोक सभा के दिनांक 24.06.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 290 के भाग (ख से घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार में नियोजित अभ्यर्थियों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | नियोजित किए गए कुशल प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19 (23.01.2019 को)** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | **35882** | **12010** | **39148** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | **0** | **113** | **297** |
| 3 | असम | **293** | **1284** | **261** |
| 4 | बिहार | **176** | **1546** | **354** |
| 5 | छत्तीसगढ़ | **5858** | **6476** | **3675** |
| 6 | गोवा | **66** | **639** | **1115** |
| 7 | गुजरात | **3920** | **6388** | **8981** |
| 8 | हरियाणा | **0** | **685** | **556** |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | **86** | **100** | **149** |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | **0** | **25** | **60** |
| 11 | झारखंड | **2700** | **20795** | **3334** |
| 12 | कर्नाटक | **637** | **898** | **0** |
| 13 | केरल | **443** | **2413** | **2566** |
| 14 | मध्य प्रदेश | **38060** | **3039** | **22913** |
| 15 | महाराष्ट्र | **11768** | **6083** | **12036** |
| 16 | मणिपुर | **0** | **0** | **62** |
| 17 | मेघालय | **317** | **111** | **7** |
| 18 | मिजोरम | **147** | **91** | **934** |
| 19 | नागालैंड | **341** | **1749** | **0** |
| 20 | ओडिशा | **2467** | **776** | **0** |
| 21 | पंजाब | **0** | **1139** | **1049** |
| 22 | राजस्थान | **0** | **33** | **1633** |
| 23 | सिक्किम | **0** | **0** | **228** |
| 24 | तमिलनाडु | **0** | **1156** | **1911** |
| 25 | तेलंगाना | **1861** | **10013** | **4249** |
| 26 | त्रिपुरा | **0** | **2** | **214** |
| 27 | उत्तर प्रदेश | **42174** | **30058** | **28** |
| 28 | उत्तराखंड | **1731** | **0** | **733** |
| 29 | पश्चिम बंगाल | **2691** | **6919** | **1257** |
| 30 | चंडीगढ़ | **283** | **875** | **0** |
| | योग | **151901** | **115416** | **107750** |

स्रोतः आवास एवं शहरी निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय